दिनांक 20.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ निगम भिलाई द्वारा डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु प्रभावित वार्ड एवं अन्य वार्डों में निगम द्वारा विभागीय एवं प्लेसमेंट तथा अतिरिक्त लगाये गये सफाई कामगारों एवं श्रमिकों के माध्यम से 05 अगस्त से 19 सितम्बर तक 123552 कूलर खाली कराये गये एवं 9292 कूलर को उतरवाया गया। स्प्रे पम्प से टेलीफास का छिडकाव 163132 स्थानों में कराया गया, फागींग मशीन से 12333 स्थानों एवं 782 स्कूल, 605 आंगनबाड़ी केन्द्रो में किंगफाग का धुआं छोड़ा गया। 1074713 मीटर नालियों की सफाई की गई है। जन जागरुकता हेतु 183377 पाम्पलेट का वितरण किया गया।

विभिन्न समाजसेवी संस्थान, निजी चिकित्सा संस्थान, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एस.एच.जी. ग्रुप के सदस्यों, पी.वी.टी. के बच्चों के सहयोग से 2431 रैली निकाली गई और कन्ट्रोल रुम से प्राप्त होने वाले शिकायतों का प्रतिदिन निराकरण किया जा रहा है। डेंगू के रोकथाम के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु होर्डिंग्स 204, कटआउट 1692 एवं फ्लैक्स 100, स्टैण्डिक होर्डिंग्स 75 विभिन्न क्षेत्रों में लगाया गया है। जन जागरुकता हेतु 06 एप्पे एवं 21 रिक्शों से डेंगू के बचाव हेतु प्रचार–प्रसार नियमित रुप से किया जा रहा है।

19 सितम्बर 2018 को डेंगू के नियंत्रण हेतु नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा अब तक 956 कूलर खाली कराये गये एवं 38 कूलर को निकलवाया गया। 2798 स्थानों में स्प्रे पम्प से मैलाथियान/टेमिफास का छिड़काव, 1268 स्थानों में एवं 09 स्कूल, 02 आंगनबाड़ी केन्द्रो में फागींग के धुएं का छिड़काव कराया गया।
जन जागरुकता हेतु 765 पाम्पलेट का वितरण किया गया है। विभिन्न समाजसेवी संस्थान, निजी चिकित्सा संस्थान, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एस.एच.जी. ग्रुप के सदस्यों, वी.टी.पी. के बच्चों के सहयोग से 06 स्थानों में रैली निकाली गई। 1350 प्लेसमेंट कर्मचारी, 93 प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली में 61 अतिरिक्त कर्मचारी लगाये गये, 170 ब्लिचिंग पाउडर पाउच का वितरण किया गया। 186 आवारा सुअर एवं 383 आवारा कुत्ते पकड़े गये। इस पुरे अभियान में प्रभावित वार्ड के नागरिकों के द्वारा डेंगू के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु संलग्न कर्मचारियों को पुरा सहयोग प्रदान कर रहें है। नागरिकों से अपील की जाती है कि डेंगू से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार के उपाय अपनाने का भरपुर प्रयास करें ताकि आपके सहयोग से इस कार्य में पूर्णतः सफलता प्राप्त होगी।

06 स्थानों में ए.एन.एम. के मार्गदर्शन में 12 स्प्रे पम्प से टेमिफास का छिड़काव एवं 30 कामगारों को लगाकर प्रभावित वार्ड/बस्तियों में नाली सफाई, कचरा परिवहन के उपरान्त चुना एवं ब्लिचिंग पावडर का छिड़काव कराया गया साथ ही जन जागरुकता का कार्य लगभग 1670 मकानों में जाकर किया गया।

19 सितम्बर 2018 को जोन 01 में अनंतपूरम, सूर्यविहार जुनवानी, माडल टाउन सम्पूर्ण क्षेत्र, नेहरु नगर द मैड पेक्ट्स, नेहरु नगर पूर्व में कुल 16 नग आवारा कुत्तों को पकड़ा गया।

जनसम्पर्क अधिकारी